AADHAAR

**HINDUSTAN, Delhi, 26.3.2018**

**Page No. 17, Size:(12.70)cms X (6.89)cms.**

# 'आधार डाटा चोरी होने की खबरें फर्जी'

त्रिवेंद्रम | **एजेंसी**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के बाद अब केंद्रीय पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी केजे अलफोंस ने भी आधार की जानकारी चोरी होने की खबरों को खारिज किया है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की खबरें फर्जी हैं और लोगों को इनपर यकीन नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधार डाटा के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है। अलफोंस ने

## सफाई

- केंद्रीय मंत्री अलफोंस ने कहा, डाटा से नहीं हुई है छेड़छाड़
- आपका डाटा यूआईडीएआई के पास है सुरक्षित

आधार के बारे में बोलते कहा कि इसमें नाम और पते के अलावा और क्या दिया जाता है। आपका बायोमीट्रिक डाटा यूआईडीएआई के पास है और इसके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है। हमने आधार की जानकारी तक पहुंचने के लिए सिर्फ सरकारी एजेंसियों को ही अधिकृत किया है। अलफोंस ने कहा कि ऐसे में किसी भी अफवाह पर यकीन नहीं करना चाहिए।

गौरतलब है कि यूआईडीएआई ने भी एक दिन पहले शुक्रवार को आधार कार्ड धारकों से जुड़ी जानकारियां चोरी होने की ताजा खबरों को खारिज करते हुए कहा था कि उसके डाटाबेस में कोई सेंध नहीं लगी है।